# मिला के श्याम से नज़रें | By Gouri Agarwal

मिला के श्याम से नज़रे तू दिल की बात बतला दे
लगा दरबार बैठा है तेरे हालात दिखला दे
सुनाई होगी तेरी श्याम दरबार में
सुनाई होगी तेरी श्याम दरबार में

श्याम दानी दयालु है दातार है
बांटने के लीये रहता तैयार है
जो भी मांगे कोई ये वही दे रहा
खुला रहता सदा इसका भण्डार है
ऐसा दाता ना दूजा है संसार में

मांगने के लिए लोग आते यहाँ
इसकी चौखट पे पल्ला बिछाते यहाँ
ये तो करता किसी को ना इंकार है
अपने मन की मुरादें वो पाते यहाँ
खुश होकर के जाते वो परिवार में

आये संकट को पल भर में हरता है ये
अनहोनी को होनी भी करता है ये
तेरी किस्मत की रेखा में जो ना लिखा
उसे लिखने का सामर्थ्य रखता है ये
ऐसी शक्ति है लीले के असवार में

श्याम प्यारे की बिन्नी करो बंदगी
खूबसूरत बना देगा ये ज़िन्दगी
यदि भावों से इसको रिझाओगे तुम
तेरे मन में रहेगी सदा ताज़गी
है करिश्मा यही श्याम के प्यार में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%b0%e0%a5%87%e0%a4%82-by-gouri-agarwal/